**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**

**दिनांक 10.07.2024** **समय 18.30**

- **वर्ष 2024–25 का पूर्ण बजट विधानसभा में पेश–4 लाख 86 हजार 615 करोड़ रूपये के बजट व्यय का अनुमान।**
- **चिकित्सा क्षेत्र के लिये 27 हजार 660 करोड़ और कृषि के लिये 25 हजार करोड़ रूपये का प्रावधान –लैण्ड टैक्स समाप्त।**
- **बजट पर मिलीजुली प्रतिक्रिया–सत्ता पक्ष ने बजट को समावेशी तो विपक्ष ने दिशाहीन बताया–युवाओं ने बजट घोषणाओं को उत्साहवर्धक कहा।**
- **प्रदेश में कहीं–कहीं भारी बारिश–जयपुर, दौसा, अजमेर, भीलवाडा जिलों के लिये ऑरेन्ज अलर्ट और 19 जिलों में येलो अलर्ट जारी।**

00000

राज्य के वर्ष 2024–25 के बजट में 4 लाख 86 हजार 615 करोड़ 10 लाख रूपये के कुल व्यय का अनुमान है। उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी ने आज विधानसभा में अपने बजट भाषण में बताया कि बजट अनुमानों के अनुसार राजस्व व्यय 2 लाख 82 हजार 247 करोड़ 65 लाख रूपये और राजस्व प्राप्तियां 2 लाख 58 हजार 378 करोड़ 29 लाख रूपये रहने की संभावना है। राजस्व घाटा 23 हजार 869 करोड़ 36 लाख रहने का अनुमान लगाया गया है। राज्य का राजकोषीय घाटा 67 हजार 240 करोड़ 48 लाख रूपये होना अनुमानित किया गया है। जो कि राज्य सकल घरेलू उत्पाद ;ळैक्व्द्ध के 3.95 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वित्तमंत्री ने अपने बजट भाषण में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क विकास और खेल सहित अन्य क्षेत्रों को लेकर विभिन्न घोषणाएं की उन्होंने कहा कि राजस्थान को साढे तीन सौ बिलियन डॉलर की इकॉनोमी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। वित्तमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अगले पांच सालों में चार लाख भर्तियां करने का संकल्प लिया है। उन्होंने इस साल के लिए भर्तियों का लक्ष्य 70 हजार से बढ़ाकर एक लाख करने की घोषणा की।

......

वित्तमंत्री ने अपने बजट भाषण में प्रदेश में छह नई जल परियोजनाओं का ऐलान करते हुए कहा कि ईआरसीपी के पहले चरण का काम शुरू हो चुका है। पांच हजार 846 गांवों में पांच हजार करोड़ रुपये की लागत से पेयजल योजनाएं लाई जाएंगी। इसके साथ ही 25 लाख घरों में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में विद्युत तंत्र की मजबूती के लिए ऊर्जा भंडारण के वास्ते नई नीति लाई जाएगी। कुसुम योजना के तहत तीन हजार मेगावॉट बिजली उत्पादन के लिए लेटर ऑफ इंटेंट जारी किया गया है। आगे आने वाले दिनों में 2 लाख घरों में बिजली कनेक्शन दिये जाएंगे। राज्य में चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के लिए बजट में 27 हजार 660 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो कुल बजट का करीब सवा आठ प्रतिशत है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तंत्र को मजबूती देने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र में एक–एक आयुष्मान मॉडल सीएचसी स्थापित किये जाएंगे। राजस्थान डिजिटल हैल्थ मिशन शुरू किया जाएगा। इससे ऑनलाइन चिकित्सा के साथ ही मरीजों का डेटा भी सुरक्षित रखा जा सकेगा। डॉक्टरों के डेढ हजार और नर्सिंगकर्मियों के चार हजार नए पद सृजित किये जाएंगे। पुलिस विभाग में साढे पांच हजार नए पद बनाए जाएंगे। अगले साल से राज्य में अलग से ग्रीन बजट पेश किया जाएगा। हरित राजस्थान के उद्देश्य को साकार करने के लिए मिशन हरियालो राजस्थान शुरू होगा। इस पर पांच सालों में चार हजार करोड़ रुपये खर्च कर विभिन्न कार्य करवाए जाएंगे। 2 हजार स्थानीय नागरिकों को वन मित्र लगाया जाएगा। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। ग्रामीण महिलाओ का जीवन स्तर बेहतर बनाने के लिए शुरू की गयी लखपति दीदी योजना के तहत 15 लाख लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। दो हजार निशक्तजन को स्कूटी का वितरण किया जाएगा। स्वतंत्रता सेनानियों की पेंशन पचास हजार रुपये से बढाकर साठ हजार रुपये करना प्रस्तावित है।

प्रदेश में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए अटल एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम चलाया जाएगा। सरकारी स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करने की दृष्टि से 8वीं, 10वीं एवं 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट में आने वाले 33 हजार (तैंतीस हजार) विद्यार्थियों को 3 साल के इंटरनेट कनेक्शन के साथ टेबलेट दिये जाने की भी घोषणा की गई है। छात्रावासों में विद्यार्थियों के लिए मैस भत्ता तीन हजार रुपये किये जाने का ऐलान हुआ। 50 नए प्राथमिक स्कूल खोले जाएंगे। वहीं हर संभाग में बालिका सैनिक स्कूल शुरू किये जाएंगे। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच–पांच नए आंगनबाड़ी केन्द्र खोले जाएंगे। जनजाति क्षेत्रों में ढाई सौ नए मां–बाड़ी केन्द्र खोले जाएंगे।

एक अप्रैल 2024 के बाद कर्मचारी हित की ग्रेच्यूटी की सीमा 20 लाख रुपये से बढाकर 25 लाख रुपये करने का प्रस्ताव किया गया है। जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में अल्ट्रा फिटनेस सेंटर बनाया जाएगा। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय बनाया जाएगा। जयपुर हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल का निर्माण किया जाएगा। प्रदेश में नई पर्यटन नीति लाई जाएगी। प्रसिद्ध खाटू धाम के विकास के लिए सौ करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। विभिन्न अभ्यारण्यों में ईको टूरिज़्म को बढ़ावा दिया जाएगा। दिल्ली के भारत मंडपम की तर्ज पर जयपुर में राजस्थान मंडपम बनाया जाएगा। आने वाले दिनों में प्रवासी सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। रोडवेज बेड़े में पांच सौ नई बसें और तीन सौ इलेक्ट्रिक बसें शामिल की जाएंगी। रोड़वेज में एक हजार 650 पदों पर नई भर्तियां होंगी। 2 हजार 750 किलोमीटर लम्बे नौ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे बनाए जाएंगे। हर संभाग मुख्यालय पर रोड सेफ्टी टास्क स्क्वाड गठित की जाएगी। राजमार्गों पर दुर्घटनाओं के बाद त्वरित मदद के उद्देश्य से 25 एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बूलेंस लगाई जाएंगी। प्रत्येक जिला मुख्यालय पर हैलीपेड का निर्माण किया जाएगा। उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए बिशन सिंह शेखावत पत्रकारिता पुरस्कार का ऐलान किया गया है। अधिस्वीकृत पत्रकारों के आरजीएचएस सुविधा का लाभ मिलेगा। अलग से पेश किये गये कृषि बजट में किसानों के लिए 25 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। किसानों में दिन के समय सिंचाई के लिए बिजली आपूर्ति करने की घोषणा की गयी। मार्च 2024 तक के लंबित विद्युत कनेक्शन जल्द जारी किये जाएंगे। ईआरसीपी परियोजना को रामगढ़ बांध से जोड़ने के लिए 9 हजार 600 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति जारी करने का ऐलान किया गया है। बजट भाषण में कई कर प्रस्ताव भी रखें गये। वित्त मंत्री ने कहा की राज्य में उद्यमिता, निवेश और विकास को प्रोत्साहित करने के लिए एमनेस्टी योजनाएं प्रस्तावित की जा रही है जो 31 जुलाई 2024 तक प्रभावी रहेंगी। वित्त मंत्री ने प्रदेश के उद्यमियों और निवेशकों की कानूनी और वित्तीय समस्याओं का समाधान करने और उन्हें राहत देने की दृष्टि से लैण्ड टैक्स समाप्त करने की घोषणा की।

0000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बजट को लोक–कल्याणकारी व सर्वसमावेशी बताया है। उन्होंने कहा कि 'विकसित राजस्थान, समृद्ध राजस्थान' के निर्माण की दिशा में यह बजट अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।
केन्द्रीय मंत्रियों और राज्य के मंत्रियों ने भी बजट की प्रशंसा की है। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सर्वसमावेशी विकास का बजट प्रस्तुत करने के लिए राजस्थान की वित्त मंत्री दीया कुमारी को शुभकामनाएं दीं। श्री शेखावत ने कहा कि भजनलाल सरकार का पहला पूर्ण बजट हर वर्ग के सपने पूरे होने की गारंटी है। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि समाज के हर वर्ग के कल्याण की मंशा के साथ लाए गए इस बजट में ऊर्जा क्षेत्र में व्यापक सुधार का रोडमैप प्रस्तुत किया गया है। बजट घोषणाओं से स्पष्ट है कि एनर्जी सेक्टर का कायाकल्प सरकार की प्राथमिकताओं में पहले पायदान पर है। जयपुर ग्रेटर नगर निगम की महापौर ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट में शिक्षा, चिकित्सा, खेल, पर्यटन, उद्योग, परिवहन, कृषि, मानव संसाधन विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व सौगातें दी गई है। नगरीय निकायों में महिलाओं के लिये बॉयोपिंक टॉयलेट बनाने, कचरा संग्रहण से निस्तारण तक की व्यवस्था में आईटी तकनीक का उपयोग करने, जनसुविधा और सामुदायिक कार्य सबन्धी घोषणायें सराहनीय है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट को नीरस और दिशाहीन बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पेश बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बजट से ना जनता को राहत मिली है और ना ही कोई विकास का रोडमैप बन रहा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भजनलाल सरकार के पहले बजट को दिशाहीन करार देते हुए इसे थोथी घोषणाओं से भरा हुआ बताया है। श्री डोटासरा ने पत्रकारों से कहा कि बजट में सिर्फ किलों और महलों की बातें हैं, गांव, गरीब, ग्रामीण, किसान की कोई बात नहीं है। श्री डोटासरा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बजट में वो सारे वादे भूल गई जिनकी घोषणा उन्होंने अपने संकल्प पत्र में की थी। श्री पायलट ने विधानसभा में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जिन मूलभूत सुविधाओं की जनता को जरूरत थी उसे लेकर कुछ ठोस कदम नही उठाये गए। आज प्रदेश में बिजली, पानी का बहुत बुरा हाल है। विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में जो घोषणा पहले की गयी थी, उनको पूरा नही कर पाएं और अभी नई घोषणाएं कर दी गई है। इस बजट से जनता पर बहुत ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ने वाला है। प्रदेश के युवाओं ने बजट में नई युवा नीति लाये जाने की घोषणा का स्वागत किया है वहीं पत्रकारों ने ने आर.जी.एच.एस. योजना का लाभ पत्रकारों को दिये जाने के प्रावधान के लिये वित्त मंत्री का अभार जताया है।

**00000**

प्रदेश मे कहीं–कहीं भारी बारिश हुई है। सबसे ज्यादा 8 सेंटीमीटर बरसात बांसवाडा जिले के बागीदोरा में रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा डूंगरपुर जिले के गणेशपुर में 7 सेंटीमीटर, चिखली और गडरा रोड़ में 5 सेंटीमीटर बारिश दर्ज हुई। जयपुर में आज दोपहर में तेज बरसात हुई। जालोर जिले के आहोर में झमाझम पानी बरसा। क्षेत्र के नालों में भी इस दौरान पानी बहने लगा। मौसम विभाग ने आज जयपुर, दौसा, अजमेर, भीलवाडा, जिलों के लिये ऑरेन्ज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में कुछ स्थानों पर तेज बारिश की संभावना है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के आसार हैं। कहीं–कहीं बिजली गिरने की भी संभावना है। अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, टोंक, सवाईमाधोपुर, बूंदी, बारां, कोटा, झालावाड़, झुंझुनूं, चूरू, सीकर, नागौर, बीकानेर, चित्तौडगढ़, राजसमंद, उदयपुर, पाली जिलों के लिये यैलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं और इस दौरान 20 से 30 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी संभावना है।

00000

बाड़मेर के ज़िला कलेक्टर निशान्त जैन ने ग्राम पंचायत सांजटा में आयोजित रात्रि चौपाल में आमजन की समस्याएं सुनी। इस दौरान ज़िला कलेक्टर ने आमजन से मुख्यमंत्री सघन वृक्षारोपण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आहवान किया। सांचौर जिले के चितलवाना में भी रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर शक्ति सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में जिला प्रशासन के अधिकारियों ने आमजन की मूलभूत आवश्यकताओं से जुड़ी समस्याओं का त्वरित रूप से निस्तारण किया।

00000